**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3277**
**सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 / 25 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**ई-श्रम पोर्टल के साथ गति शक्ति पोर्टल का एकीकरण**

**3277. डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार गति शक्ति पोर्टल को ई-श्रम डाटाबेस के साथ एकीकृत करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा गति शक्ति पोर्टल का ई-श्रम डाटाबेस के साथ निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं और इस एकीकरण के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ग) उक्त दो प्लेटफॉर्म के एकीकरण से हितधारकों, विशेषकर संभारतंत्र क्षेत्र में सुधार लाने और असंगठित क्षेत्र में कामगारों को बेहतर कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने के संदर्भ में किस प्रकार लाभ होगा;

(घ) सरकार द्वारा एकीकरण की प्रक्रिया के दौरान आंकड़ों की गोपनीयता का संरक्षण करने और व्यक्तिगत सूचना की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ङ) एकीकरण से कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार के अवसरों और अवसंरचना परियोजनाओं को प्रदान करने में केन्द्र और राज्य की एजेंसियों के बीच समन्वय में किस प्रकार सुधार आएगा?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ङ): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने दिनांक 26 अगस्त 2021 को असंगठित कामगारों के आधार से जुड़े और सत्यापित एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) के सृजन के लिए राष्ट्रव्यापी ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) की शुरुआत की। ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित कामगारों को एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) और ई-श्रम कार्ड प्रदान करके पंजीकृत करना और उन्हें सहायता प्रदान करना है।

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में एक व्यापक डेटाबेस के अंतर्गत शामिल विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से संबंधित सभी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के एक कॉमन अम्ब्रेला प्लेटफॉर्म का निर्माण करना शामिल है जिसका लक्ष्य वास्तविक समय के आधार पर प्रभावी आयोजना और कार्यान्वयन करना है। मंत्रालयों/विभागों द्वारा राष्ट्रीय मास्टर प्लान पोर्टल पर डेटा (परियोजनाओं का भू-समन्वय) अपलोड करने का उद्देश्य प्रयासों के दोहराव को कम करना और परियोजनाओं की आयोजना और उनके परस्पर तालमेल युक्त कार्यान्वयन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को अपनाने को बढ़ावा देना है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय गति शक्ति पोर्टल और ई-श्रम पोर्टल को एकीकृत कर रहा है जिसका उद्देश्य बेहतर आयोजना और निर्णय लेने के लिए दो प्लेटफार्मों के बीच के तालमेल का लाभ उठाना है।

डेटा की गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के साथ डेटा साझाकरण संबंधी दिशानिर्देश साझा किए गए हैं।

******